# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका दिसम्बर 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

दिनांक 01.12.2025 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# पीएम आवास की खुली लाटरी से 28 हितग्राही हुए लाभान्वित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के विधानसभा वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर एवं आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 28 हितग्राहियों को खुली लाटरी से मकान आबंटित किया गया।

भिलाई शहर अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का आबंटन हेतु मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में समय 12:00 बजे से लाटरी आयोजित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों को शामिल करते हुए मकानहीन परिवारो को खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से वरिष्ठ नागरिको एवं अन्य नागरिकगणों को मकान आबंटित किया गया। प्रमुख रूप से आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड के 4 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 21 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर के 1 मकान, वंदे मातरम कुरूद के 2 मकान शामिल किया गया है। साथ ही हितग्राहियों की सुविधा के लिए आवास ऋण मेला का आयोजन भी किया गया था। हितग्राही अपने इच्छानुसार मकान का शेष राशि जमा करने आवास ऋण के लिए संपर्क कर आवेदन किये है। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, युक्ति देवांगन, उपस्थित रहे।





# आयुक्त ने स्कूल के समीप नशीली सामग्री विक्रय करने पर लगाया प्रतिबंध

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन–3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन, स्कूल परिसर के समीप मादक पदार्थ विक्रय पर कार्यवाही सहित सुलभ शौचालय एवं नालियों की साफ–सफाई व्यवस्था के साथ पेयजल का सेंपल का जांच का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने शारदा पारा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किये। स्कूली बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। स्कूल परिसर के 100 मीटर के भीतर नशीली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। नशीली सामग्री पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। इसी के साथ सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं वार्ड के नालियों की साफ–सफाई कराने निर्देशित किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए पाईप लाईन बिछाया गया है, एक स्थान पर पाईप लिकेज पाया गया, पीने के पानी का सेंपल लेकर लैब में जांच हेतु भेजवाया गया। सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त का सभी दुकान संचालको से अपील है कि स्कूल परिसर से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नशीले पदार्थ का विक्रय न करें। इस संबंध में कार्यवाही करने का अधिकारी स्कूल संस्थाओ को भी है। निगम द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी दुकानदार के स्वयं की होगी।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण, निगम की आय बढ़ाने और मूलभूत सुविधाओं पर जोर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन–4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने का निर्देश दिया, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके। वार्ड क्रं. 51, शहीद वीर नारायण सिंह नगर में एक भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड के मोहल्लों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति और साफ–सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनसे एसआईआर (SIR) फार्म भरने से संबंधित चर्चा भी की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को आवश्यक निर्देश देते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने के लिए निर्देशित किए हैं। इस औचक निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, परगनिया सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु निगम का सघन अभियान, हजारों घरों का सर्वेक्षण, लार्वा प्रजनन स्त्रोतों का उन्मूलन

भिलाई नगर। निगम क्षेत्रांतर्गत नागरिकों को मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से सुरक्षित रखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशों पर एक व्यापक जन जागरूकता और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम जोर–शोर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर–घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है और मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करने का कार्य कर रही है। निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता के नेतृत्वकर्ता वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। कुल सर्वेक्षण किए गए घर 16,168 जांच किए गए और खाली कराए गए मच्छर प्रजनन स्त्रोत कुल 8,825, कूलर 3,327, टंकी 2,370 ड्रम,कंटेनर 3,096 अन्य स्त्रोत से 32 लार्वा नियंत्रण हेतु छिडकाव 13,253 घरों के 8,864 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिडकाव किया गया। व्यस्क मच्छर नियंत्रण हेतु छिडकाव 19,125 कूलरों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिडकाव कार्य कराया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, मच्छर अपने जीवन काल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं – अण्डा, लार्वा और प्यूपा – पानी में ही पूरी करते हैं। मच्छरों को व्यस्क अवस्था में पहुँचने से पूर्व ही प्रारंभिक स्तर पर मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करना सबसे प्रभावी बचाव है। उन्होंने मच्छरों के पनपने के स्थान को खत्म करने के लिए उपाय करने की अपील की जिसमें पानी संग्रहण पात्रों को ढंककर रखें। कूलर, टंकी, ड्रम या कंटेनर में संग्रहित पानी को सप्ताह में कम से कम एक दिन अवश्य खाली कर,सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करें। घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें। यदि पानी जमा होता है, तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल अवश्य डालें, ताकि व्यस्क मच्छरों की उत्पत्ति न हो सके। आयुक्त महोदय ने यह भी दोहराया कि मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम में आम नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से पूरी तरह बचा जा सकता है।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम आयुक्त ने किया जोन–5 का व्यापक निरीक्षण, अवैध होर्डिंग हटाने और सुविधाओं के संधारण के निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जोन–5 के सेक्टर 10 अंतर्गत विभिन्न नागरिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, क्रिकेट कोर्ट, अवैध होर्डिंग, यात्री प्रतीक्षालय और नाला सफाई कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ सेक्टर 10, सड़क 03 पर बने बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था के लिए लगे विद्युत पोल और मेट के तत्काल संधारण का निर्देश दिये। समीप के क्रिकेट कोर्ट की रेलिंग पर एक हॉस्पिटल के नाम से लगे बोर्ड को हटाकर उसके स्थान पर नगर निगम भिलाई का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया। सेक्टर 10 **'ए'** मार्केट से लगी सड़क किनारे लगे अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त महोदय ने स्पष्ट किया कि नगर पालिक निगम अधिनियम एवं शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए महापौर परिषद की बैठक में संकल्प पारित किया गया है कि सभी अवैध होर्डिंग हटाए जाएं। भविष्य में होर्डिंग लगाने से पहले नगर निगम भिलाई से अनिवार्य रूप से अनुमति लेना आवश्यक है। सेक्टर 10 शएश मार्केट रोड किनारे पार्षद अभय सोनी की निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी अवलोकन किया गया, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। पार्षद निधि से जनहित के अच्छे कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किये। पार्षद प्रतिनिधि अनिल सिंह द्वारा कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का भी निगम आयुक्त ने निरीक्षण किया और कार्य की सराहना किए। सड़क 25 पर निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का भी निरीक्षण किया गया तथा उसमें आवश्यक संधारण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# उद्यानों में साफ–सफाई एवं पानी सिंचाई कार्य जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ पर्यावरण को हरा–भरा रखने के उददेश्य से उद्यानों की साफ–सफाई एवं सिंचाई कराने निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देशित किया गया है। नेहरू नगर स्थित कुसुम कानन उद्यान, योग उद्यान, राशि उद्यान, सेक्टर 2 तालाब उद्यान, सेक्टर 6 धोबीघाट उद्यान, सेक्टर 7 उद्यान, ट्रैफिक पार्क, शास्त्री उद्यान एवं हुड़को स्थित सुभाष उद्यान सहित अन्य उद्यानों की साफ–सफाई एवं पौधो में सिंचाई किया जा रहा है। सभी उद्यानों में निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य सौंपा गया है। जो प्रतिदिन उद्यानों की साफ–सफाई एवं रोपित किये गये पौधो में पानी सिंचाई कर रहे है। केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत सभी जोन क्षेत्र के चिन्हित स्थलों में महिला स्व–सहायता द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। पौधो की देखरेख, गुड़ाई एवं सिंचाई कर पौधो को बड़ा करने का कार्य सौंपा गया है। समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिदिन पौधो में पानी सिंचाई कर जीवित रखने का कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण को हरा–भरा रखने में महिलाओं द्वारा विशेष योगदान दिया जा रहा है।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# SNA स्पर्श के माध्यम से पीएम आवास के हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के SNA स्पर्श के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के हितग्राहियों को किस्त की राशि का भुगतान किया गया। आने वाले नववर्ष के अवसर पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निर्देश तथा प्रधानमंत्री आवास योजना  टीम के अथक प्रयास से 250 हितग्राहियों को पहली किस्त के रूप में 1.57 करोड़ रूपये और 110 हितग्राहियों को दूसरी किस्त 95.70 लाख रूपये एवं 44 हितग्राहियों को तीसरा किस्त 28.60 लाख रूपये भुगतान किया गया है। राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांरित की गई, जो SNA SPARSH प्लेटफार्म की पादर्शिता और त्वरित फंड ट्रांसफर को दर्शाता है। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हर पात्र परिवार को घर उपलब्ध कराने के संकल्प को मजबूत करती है तथा SNA SPARSH के माध्यम से अभी तक 404 हितग्राहियों को ''जस्ट इन टाइम'' फंड रिलीज सुनिश्चित कर डिजिटल प्रक्रिया को सरल बनाता है। जिससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ती है। नगर निगम भिलाई प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करती है।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम भिलाई में आत्मनिर्भर भारत संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आत्मनिर्भर भारत संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। संगोष्ठी में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिन्हा के उपस्थिति में आत्मनिर्भरता के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा अपने वक्तव्य में स्वदेशी को जनहितैषी एवं देश हितैषी बताया गया। उन्होने कहा कि हम भारतीय नागरिको को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग को विशेष प्राथमिकता देना चाहिए। पुराने पारंपरिक व्यवसाय जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को नये पीढ़ी को सौंपा जाता है। जिसके लिए कोई भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता नहीं होती है, स्वमेव उच्च पीढ़ी से नीचे पीढ़ी को व्यवसाय का प्रशिक्षण मिल जाता है जो कि अदभूत है। ज्यादातर सामग्री पहले विदेशों से मंगाये जाते थे, आज की स्थिति में दुर्लभ सामग्रीयों का निर्माण भारत में होता है। कोविड महामारी के समय वेक्सिन का निर्माण भारत में हुआ, जो कि इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। जो सामग्री हम अपने घरो में निर्माण करेगें, उसका लागत बाहर निर्माण से निश्चित ही कम होगा। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिन्हा एवं पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले सभी के द्वारा एकमतेन कहा गया कि स्वदेशी एवं लोकल फॉर वोकल को प्राथमिकता दें, जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत रहे। भारतीय सामग्रीयों के उपयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवसाय और खरीदारी करें। जिससे देश का पैसा देश में रहे और आर्थिक संपन्नता बना रहे। स्वीटी कौशिक द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, पार्षद नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, अनिता साहू, स्वीटी कौशिक, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, नटवर ताम्रकार, पूनम शुक्ला, रश्मि, निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण संगोष्ठी में शामिल होकर अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने, घरों में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने, स्थानीय उद्योगो को बढ़ावा देने, युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने, पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने, प्रकृति के अनुकूल उत्पादों का प्रयोग करने एवं देश के पर्यटन स्थालों को प्राथमिकता देने शपथ लिये।





# निगम परिसर में शासकीय योजनाओं का शिविर लगाया गया

भिलाईनगर। भारत सरकार द्वारा दिनांक 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, जोन 5 अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, पार्षदगण एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ कराया गया। उपायुक्त दिनेश कोशरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों को सुशासन सप्ताह का शपथ दिलाये। शासन के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में जन समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक शिविर लगाया गया। शिविर में 11 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, 2 आवेदन राष्ट्रीय पेंशन योजना, 3 आवेदन राशन कार्ड, 4 आवेदन राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, 8 आवेदन सड़क नाली निर्माण, 7 आवेदन पेयजल विस्तार, 8 आवेदन स्ट्रीट लाईट, उज्जवला योजना, हेल्प डेस्क, अनुज्ञप्ति लाईसेंस, नामांतरण फ्री होल्ड लीज होल्ड एवं अन्य योजना के 29 आवेदन इस प्रकार कुल 72 आवेदन प्राप्त हुआ है। साथ ही वाहन चालकों के लिए परिवहन विभाग से ड्राईविंग लाईसेंस का स्टाल रखा गया था। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार योजना के काउंटर पर जाकर पूछताछ कर अपने समस्या से संबंधित आवेदन फार्म जमा किये हैं। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी विभाग से संबंधित जमा किये गये आवेदनों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।






**नगर पालिक निगम भिलाई**

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 21 हितग्राहियों को आवास का लाभ मिला

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत जरूरतमंदो को आवास आबंटित किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में दिनांक 29.12.2025 को खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाटरी कार्यक्रम में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह उपस्थित रहे। निगम क्षेत्र के निवासरत नागरिकों से नियमानुसार दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कराया गया था। सक्षम स्वीकृति पश्चात हितग्राहियों से आवास का कुल 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया है। आज कुल 21 हितग्राहियों को खुली लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**नगर पालिक निगम भिलाई**